हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 25 फरवरी 2026
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 23.2 डिग्री
न्यूनतम 13.2 डिग्री

2
पीलिया की दस्तक के बाद मोमिनपुरा नवागढ़ वार्ड में लगाया गया कैंप



## खबर संक्षेप

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनोरा में शिविर आज

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों की सुविधा एवं सशक्तिकरण हेतु दिव्यांगजन प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी शिविर का आयोजन दिनांक 25 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मनोरा में प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। इस शिविर में जनपद पंचायत मनोरा अंतर्गत समस्त दिव्यांगजनों का नवीन प्रमाणीकरण तथा पूर्व में जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्रों का नवीनीकरण किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार नम्बर में रजिस्टर्ड मोबाइल (जिसमें ओटीपी आता हो), फोटोग्राफ (जिसमें दिव्यांगता प्रदर्शित हो) जैसे आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

### जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण हेतु प्रशिक्षण आज से

**जशपुरनगर।** कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु रोहित व्यास के निर्देशानुसार आठों विकासखण्डों के समस्त ग्रामीण, नगरीय एवं संस्थागत पंजीयन इकाईयों के रजिस्ट्रारों, उप रजिस्ट्रारों जन्म-मृत्यु को प्रशिक्षण 25 फरवरी से 11 मार्च तक दिया जाएगा। इस हेतु जिले के सभी विकासखण्डों में प्रशिक्षण स्थल का चिन्हांकन किया गया है। इनमें 25 फरवरी को जनपद पंचायत सभा कक्ष मनोरा एवं जशपुर में, 26 फरवरी को जनपद पंचायत सभा कक्ष कुनकुरी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुनकुरी, 27 को सामुदायिक भवन फरसाबहार, 02 मार्च को सामुदायिक भवन दुलदुला, 06 मार्च को जनपद पंचायत सभा कक्ष बगीचा, 10 मार्च को प्रतिभा महिला संकुल संगठन भवन कांसाबेल एवं 11 मार्च को जनपद पंचायत सभा कक्ष पत्थलगांव और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। दुलदुला तहसील अंतर्गत ग्राम सिरिमकेला निवासी स्व. महेन्द्र राम का आकाशीय बिजली से 9 अक्टूबर 20255 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी रजनी बाई हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार आकाशीय बिजली से ही तपकरा तहसील अंतर्गत ग्राम लावाकेरा निवासी स्व.सतीश एक्का का 17 जुलाई 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी असरीता एक्का हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### निःशुल्क जेईई क्रैश कोर्स 15 मार्च से

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास और सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में 15 मार्च से पंद्रह दिवसीय निःशुल्क जेईई क्रैश कोर्स का आयोजन कराया जा रहा है । जिसमें जिले के स्थानीय निवासी विद्यार्थियों को निःशुल्क आवास, भोजन, कोर्स मटेरियल तथा कंप्यूटर बेस्ड मॉक टेस्ट की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि आगामी जेईई -2 मेन की परीक्षा 02 अप्रैल से 10 अप्रैल 2026 के मध्य नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के द्वारा ली जाएगी। संकल्प जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस पंद्रह दिवसीय क्रैश कोर्स के लिए जिले के अंतर्गत संचालित विभिन्न शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों जिन्होंने जेईई मेन-2, 2026 का फार्म भरा है, ऐसे 100 विद्यार्थियों को यह क्रैश कोर्स कराया जाएगा।

### सीएचएचओ ने गठित की जांच समिति, 7 दिनों में रिपोर्ट देने के निर्देश

**लैब टेक्नीशियन कुर्रे से मांगा गया स्पष्टीकरण पत्र जारी**

# कोल्हेनझरिया के लैब टेक्नीशियन पर लगे आरोपों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोल्हेनझरिया में महिला स्वास्थ्य कर्मचारियों (नर्सों) के साथ अभद्रता, अश्लील टिप्पणी और डराने-धमकाने के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। समाचार पत्रों और मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला से 4 सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन कर दिया है। वही खण्ड चिकित्सा अधिकारी फरसाबहार ने नर्सों के आवेदन पर संज्ञान लेते हुए खुद पीएचसी आकर 5 सदस्यीय जांच टीम के साथ देर रात तक लिखित व मौखिक बयान दर्ज किया है। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए आरोपी लैब टेक्नीशियन के अस्पताल में प्रवेश पर फिलहाल ग्रामीणों ने रोक लगा दी है। मंगलवार, 23 तारीख को ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित जांच टीम कोल्हेनझरिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। जिसमें खण्ड चिकित्सा अधिकारी के.के.डाहीरे भी शामिल रहे। 5 सदस्यीय इस जांच टीम (जिसमें 2 महिला और 3 पुरुष सदस्य शामिल थे) ने अस्पताल पहुंचकर एक-एक कर सभी नर्सों और अन्य स्टाफ के मौखिक तथा लिखित बयान दर्ज किया। बयान दर्ज करने की यह प्रक्रिया इतनी लंबी चली कि रात के 9 बज गए। अस्पताल परिसर में देर रात तक चल रही इस कार्रवाई के दौरान स्थानीय ग्रामीण भी वहां एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने इतनी रात तक जांच चलने और मामले को लेकर बीएमओ के समक्ष अपनी गहरी नाराजगी व्यक्त की।




जांच प्रक्रिया में देर रात तक बयान दर्ज करने से नाराज ग्रामीणों ने देर रात बीएमओ से चर्चा की उसी दौरान जांच अधिकारी और वहां मौजूद वीडियो रिकॉर्ड कर रहे कुछ लोगों के बीच तीखी बहस भी हुई। बीएमओ ने स्पष्ट किया कि सभी पक्षों के बयान ले लिए गए हैं, लेकिन बयानों में विरोधाभास होने के कारण जांच का निष्कर्ष निकालने में अभी 2 से 3 दिन का समय और लगेगा। वही पूरे मामले में अखबारों में खबर प्रकाशित होते ही सीएचएमओ ने जिलास्तरीय टीम गठित कर दिया है। आदेश के अनुसार विभिन्न समाचार माध्यमों में लैब टेक्नीशियन की अभद्रता व धमकी से दहशत में नर्से, आपातकालीन सेवाओं के बहिष्कार की चेतावनी जैसे शीर्षकों से खबर प्रकाशित होने के बाद, सीएचएमओ जशपुर ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने एक जांच समिति का गठन कर 7 दिनों के भीतर विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। वही पृथक से आदेश जारी कर लैब टेक्नीशियन को कारण बताओ नोटिस जारी किया है विभाग ने आरोपी मेडिकल लैब टेक्नीशियन संजय कुर्रे को उक्त कृत्य के लिए स्पष्टीकरण पत्र कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है।

उन्हें निर्देशित किया गया है कि वे 3 दिन के भीतर स्वयं उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।


लैब टेक्नीशियन की अभद्रता व धमकी से दहशत में नर्सें
आपातकालीन सेवाओं के बहिष्कार की चेतावनी


### अस्पताल में प्रवेश पर रोक

इस पूरे मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। 23 फरवरी को ब्लॉक स्तरीय जांच टीम के पहुंचने व देर रात तक जांच कर 9:30 बजे मौके पर बीएमओ फरसाबहार के समक्ष ग्राम पंचायत कोल्हेंनजरिया की सरपंच नवीना पैंकरा सहित पंचगणों और स्थानीय नागरिकों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया है कि जब तक मामले की जांच पूरी नहीं हो जाती और विभाग द्वारा कोई अंतिम निर्णय नहीं आ जाता, तब तक आरोपी लैब टेक्नीशियन संजय कुर्रे को अस्पताल में ड्यूटी पर आने नहीं दिया जाएगा। ग्रामीणों ने उनके अस्पताल प्रवेश पर पूर्णतः रोक लगा दी है।

### क्या था पूरा मामला

ज्ञात हो कि कोल्हेनझरिया पीएचसी की नर्सों ने बीएमओ को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया था कि ओपीडी के बाद लैब टेक्नीशियन संजय कुर्रे और एक स्टाफ नर्स को ड्यूटी रूम और लैब में कई बार आपत्तिजनक स्थिति में देखा गया है। विरोध करने पर आरोपी द्वारा नर्सों के चरित्र पर सवाल उठाने, गाली-गलौज करने और नाइट ड्यूटी के दौरान धमकाने के आरोप लगाए गए थे। हालांकि, आरोपी लैब टेक्नीशियन ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा था कि उसने कोई अभद्रता नहीं की है और केवल ड्यूटी रूम में जाने को लेकर सवाल पूछा था।



**योजनाओं की प्रगति पर कलेक्टर सख्त**

# शहरी क्षेत्रों के ढाबों में लकड़ी के बदले एलपीजी गैस का हो उपयोग: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा संबद्ध विभागों की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का आकलन किया।

बैठक में खाद्य विभाग, मछली पालन विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित एनआरएलएम एवं स्वच्छ भारत मिशन की योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बैठक में उज्ज्वला योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं पीएम जनमन आवास योजना के हितग्राहियों को भी उज्ज्वला योजना से जोड़ने पर जोर दिया। खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने फूड इंस्पेक्टरों को निर्देशित किया कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पेयजल, शौचालय सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाएं।

इसके लिए पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने को कहा गया। कलेक्टर ने शहरी क्षेत्रों के ढाबों में लकड़ी से खाना बनाने की गतिविधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने ढाबा संचालकों को एलपीजी गैस कनेक्शन लेकर गैस से ही भोजन तैयार करने के लिए जागरूक करने तथा व्यापक अभियान चलाने को कहा। अभियान के बाद भी नियमों का पालन नहीं करने वाले संचालकों पर आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

- उज्ज्वला योजना, पीएम आवास, मछली पालन विभाग व स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की, अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के दिए

### दिव्यांगजन और आंगनबाड़ी व्यवस्था की समीक्षा

समाज कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने दिव्यांगजन शिविरों एवं यूडीआईडी कार्ड निर्माण की प्रगति की जानकारी ली तथा शेष प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों की जानकारी लेकर भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा। निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों को शीघ्र पूर्ण करने तथा महतारी वंदन योजना अंतर्गत ई-केवाईसी कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### पीएम आवास: कोई भी आवास अपूर्ण न रहे

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में कलेक्टर ने प्रगतिरत आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामग्री की अनुपलब्धता के कारण आवास निर्माण कार्य बाधित नहीं होना चाहिए। अपूर्ण आवासों को हितग्राहियों से चर्चा कर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए और कोई भी पात्र परिवार पक्के आवास से वंचित न रहे। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए आमजन तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए।

# जनजाति समाज भारत के आधार स्तम्भ: प्रबल प्रताप



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शुद्धि आंदोलन के प्रणेता स्वामी श्रद्धान्दनंद जी के अवतरण दिवस पर विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में करुआ बहाल, सुंदरगढ़ (ओडिशा) में आयोजित ऐतिहासिक एवं आत्मगौरवपूर्ण ₹आंचलिक जनजाति धर्मरक्षा महायज्ञ₹ कार्यक्रम में 210 जनजाति लोगों की अखिल भारतीय घरवापसी प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव नें वैदिक मंत्र उच्चारण, यज्ञ के उपरांत पांव पखारकर सनातन धर्म में घर वापसी कराई। यह अवसर सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रेरणादायी प्रतीक बना।

इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद प्रांत कार्यकारी प्रमुख अशोक गांधी, विहिप केंद्रीय सह मंत्री अचूता नंदकर, दिलीप मेहर (विहिप, सुंदरगढ़), करनेल सिंह (विहिप, जशपुर), परमानंद बाघ, अनिल कुमार संतुका (विहिप ओड़िशा) एवं अन्य गणमान्यों की विशेष उपस्थिति रही।यह अभियान स्व. कुमार दिलीप सिंह जूदेव के प्रेरणा से संचालित किया गया, जिन्होंने अपने जीवनकाल में ओड़िशा में लगातार घर वापसी कार्यक्रम किए और आज भी यह अभियान उनकी पावन प्रेरणा और धर्मनिष्ठ संकल्प से उनके पुत्र प्रबल प्रताप सिंह जूदेव निरंतर आगे बढ़ा रहें है। जनजाति समाज की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा हेतु यह प्रयास राष्ट्र एवं धर्म के प्रति समर्पण का सशक्त उदाहरण है। हम सभी उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए संकल्पित हैं कि समाज जागरण और धर्म संरक्षण की यह ज्योति निरंतर प्रज्वलित रहेगी।कार्यक्रम में प्रबल नें कहा कंधमाल, ओडिशा में ही ⏭ शेष पेज 4 पर

- ओडिशा में 210 जनजातीय लोगों की घरवापसी

### दुकानदार को धमकी देने वाले पिता-पुत्र पर एफआईआर

**जशपुरनगर।** जिले के तपकरा थाना क्षेत्र के सिंगीबहार गांव में एक दुकानदार को गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आते ही हड़कंप मच गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही पुलिस महकमा हरकत में आ गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामला चौकी ऊपर कछार, थाना तपकरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सिंगीबहार का है। पुलिस के अनुसार 24 फरवरी की सुबह करीब 11 बजे दो व्यक्ति गांव की एक दुकान पर पहुंचे और दुकानदार के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।घटना का वीडियो सामने आते ही क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। ⏭ शेष पेज 4 पर



# कार अनियंत्रित हो गिरी पुल के नीचे, सभी सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर के दमेरा मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसा होने की खबर सामने आई है, जहां चराईडांड के समीप एक तेज रफ्तार सिडान कार अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी। बताया जा रहा है कि कार सवार सभी लोग जशपुर की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते के एक अंधे मोड़ पर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और कार सीधे पुलिया के नीचे जा घुसी। इस हादसे में कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है और उसमें सवार पांच लोग घायल हुए हैं।

बेहतर यह रहा कि इस बड़े हादसे के बावजूद किसी को गंभीर चोट नहीं आई और सभी सुरक्षित हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद आस-पास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर घायलों को कार से बाहर निकालने और उनकी मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**अंधे मोड़ पर चालक ने खोया कार पर नियंत्रण**



### बनावट के कारण मार्ग खतरनाक एवं चुनौतीपूर्ण

दमेरा-जशपुर मार्ग अपनी बनावट के कारण काफी चुनौतीपूर्ण माना जाता है क्योंकि यह एक सिंगल रोड है जिसमें कई तीखे और खतरनाक मोड़ मौजूद हैं। ऐसे में तेज रफ्तार गाड़ियों के लिए यहां संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों और प्रशासन द्वारा अक्सर इस मार्ग पर वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है ताकि इस तरह की अनहोनी से बचा जा सके। फिलहाल इस घटना ने एक बार फिर संकरी सड़कों पर तेज रफ्तार के खतरों को उजागर कर दिया है।

**संत गाडगे की 150वीं जयंती पर रजक समाज का वार्षिक सम्मेलन**

# संत गाडगे समाज सुधार, सेवा और स्वच्छता के प्रेरणास्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

रजक समाज द्वारा सोमवार को संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती के अवसर पर ग्राम बरटोली में वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सम्मेलन में समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर रजक समाज के जिला उपाध्यक्ष घुनेश्वर रजक ने संत गाडगे महाराज के जीवन, उनके त्याग, स्वच्छता आंदोलन, शिक्षा के प्रति समर्पण तथा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ उनके संघर्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज को संगठित होकर शिक्षा, स्वावलंबन और सामाजिक एकता की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। घुनेश्वर रजक ने नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा निर्मित सामुदायिक भवन में जल स्रोत की समुचित व्यवस्था एवं बाउंड्री निर्माण कराने की मांग रखी। इस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने का आश्वासन दिया। अरविंद भगत ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक एकता, भाईचारा और समरसता को बढ़ावा मिलता है तथा समाज में जागरूकता का विस्तार होता है। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष बुधराम रजक, उपाध्यक्ष कुलदीप रजक, घुनेश्वर रजक, प्रदीप रजक, शक्ति रजक, गोवर्धन रजक, संदीप रजक एवं विनोद राम सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।



### संत गाडगे महाराज कौन थे

संत गाडगे, जिन्हें संत गाडगे बाबा या राष्ट्रसंत गाडगे महाराज के नाम से जाना जाता है, महाराष्ट्र के महान संत, समाज सुधारक और कीर्तनकार थे। उनका वास्तविक नाम डेबूजी झिंगराजी जानोरकर था। उनका जन्म 23 फरवरी 1876 को महाराष्ट्र के अमरावती जिले के शेंडगांव में हुआ था। वे धोबी (परित) समाज से थे। 20 दिसंबर 1956 को अमरावती जाते समय वलगांव के पास पेढ़ी नदी किनारे उनका देहावसान हुआ।

### सामाजिक योगदान

संत गाडगे महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, दलितों और वंचित वर्गों की सेवा में समर्पित कर दिया। वे छुआछूत उन्मूलन और सामाजिक समरसता के प्रबल समर्थक थे। वे गांव-गांव घूमकर स्वयं सफाई करते और लोगों को संदेश देते थे कि स्वच्छता ही सच्ची ईश्वर सेवा है।

# तीन दिवसीय कृषि क्रांति एक्सपो 8 से 10 मार्च तक

**जशपुरनगर।** जिले में कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने के उद्देश्य से कृषि क्रांति अभियान अंतर्गत 8 मार्च से 10 मार्च तक तीन दिवसीय कृषि क्रांति एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। इस एक्सपो में उन्नत कृषि तकनीकों पर कार्यशालाएं एवं नवाचारों का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा।

एक्सपो में कृषि नवाचार को बढावा देने तथा प्रगतिशील किसानों को सम्मानित करने एवं नई तकनीकों के प्रसार हेतु जिला स्तरीय किसान प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन व्हाट्सएप के माध्यम से अथवा अपने विकासखंड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के पास 01 मार्च तक जमा करना अनिवार्य है। प्राप्त आवेदनों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा तथा विजेता किसानों की घोषणा 8 मार्च को कृषि महाविद्यालय कुनकुरी में आयोजित कृषि क्रांति एक्सपो के दौरान की जाएगी।

**होंगी किसान प्रतियोगिताएं**-कृषि के अलग-अलग क्षेत्रों में जिला स्तरीय किसान प्रतियोगिताएं आयोजित कर किसानों को सम्मानित किया जाएगा, जिसमें पारंपरिक बीज ⏭ शेष पेज 4 पर

- उन्नत कृषि तकनीकों पर कार्यशालाएं एवं नवाचारों का किया जाएगा प्रदर्शन

## खबर संक्षेप

### कल्याणपुर-लटोरी-सलका मार्ग के उन्नयन हेतु 40.93 करोड़ रुपए की मिली स्वीकृति



**बिश्रामपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री सह भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयास से कल्याणपुर-लटोरी-दतिमा-सलका के विभिन्न खंडों में सड़क सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण कार्य के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है,ज्ञात हो कि 29 किलोमीटर लंबाई में प्रस्तावित इस कार्य के लिए 40.93 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है,यह मार्ग क्षेत्र के अनेक ग्रामों को जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है,जिसके उन्नयन से आवागमन अधिक सुगम, सुरक्षित एवं तीव्र होगा,इससे ग्रामीण अंचलों का जिला मुख्यालय एवं अन्य प्रमुख स्थलों से बेहतर संपर्क स्थापित होगा,कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सड़क केवल परिवहन का माध्यम नहीं, बल्कि विकास की जीवनरेखा है,सुदृढ़ सड़क संपर्क से किसानों को अपनी उपज समय पर बाजार तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी, विद्यार्थियों को शिक्षा संस्थानों तक सुगमता से पहुंच सुनिश्चित होगी तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं तक त्वरित पहुंच संभव हो सकेगी,साथ ही व्यापार, लघु उद्योग एवं स्थानीय रोजगार के अवसरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सुशासन,पारदर्शिता एवं समावेशी विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। अधोसंरचना विकास के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है,इसी उद्देश्य से चरणबद्ध रूप से सड़क,शिक्षा,स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

### माधुरी जायसवाल को मिली वाचस्पति की मानद उपाधि



**अम्बिकापुर।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान, संग्रहालय बालाघाट द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कतकालो में व्याख्याता के पद पर कार्यरत श्रीमती माधुरी जायसवाल पति राजकुमार जायसवाल को शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए वाचस्पति की मानक उपाधि प्रदान की गई है। श्रीमती जायसवाल को उनके सुदीर्घ शैक्षिक, साहित्यिक, पर्यावरण, सेवा, धर्मपरायणता, दीन-दुखियों, विकलांगों की सेवा, रचनात्मक कार्यों के संपादन के लिए प्रदान किया गया है।

### डॉ. शिवमंगल सिंह बने भाजपा अजजा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष



**अंबिकापुर।** भारतीय जनता पार्टी ने अनुसचित जनजाति मोर्चा के जिला पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी। जारी की गई कार्यकारिणी में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. शिवमंगल सिंह को अजजा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। डॉ. शिवमंगल सिंह वर्तमान में गोधनपुर वार्ड से पार्षद है। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रदान करने के साथ ही अन्त्योदय के संकल्प के साथ जनजातीय समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने की आशा जताई है। वहीं कार्यकारिणी की घोषणा के बाद शिवमंगल सिंह ने भी संगठन के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर कार्य करने की बात कही है।

### संत निरंकारी सेवादल के सदस्यों ने की शंकर घाट की साफ-सफाई



**अम्बिकापुर।** शंकर घाट स्थित छठ घाट पर संत निरंकारी सेवादल के सदस्यों एवं साध-संगत के स्वयंसेवकों ने घाट परिसर की साफ-सफाई की। प्रोजेक्ट अमृत का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण एवं इसके बचाव हेतु अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना एवं उन्हें क्रियान्वित रूप देना है। साथ ही परियोजना का मुख्य बिंदु जल निकायों की स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच जागरूकता अभियान के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। अमरलाल बचानी ने बताया कि आज यह परियोजना भारतवर्ष के 18 सौ से अधिक स्थानों पर 730 शहरों, 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशाल रूप से एक साथ आयोजित की गई। निरंकारी मिशन के लगभग 4 लाख स्वयंसेवकों द्वारा आज पूरे देश में जल संरक्षण एवं जल निकायों जैसे समुद्र तट, नदियां, झीलें, तालाब, पोखर, कुएं, जोहड़ विभिन्न झरनों पानी की टंकियों, नालियों और जल धाराओं आदि को स्वच्छ व निर्मल बनाने में अपना योगदान दिया गया। मिशन के सदस्य संजय मनवानी ने बताया कि बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के दिव्य निर्देशन में अमृत परियोजना का आयोजन हुआ है।

## स्वास्थ्य विभाग ने 100 से अधिक लोगों का लिया सैंपल

# पीलिया की दस्तक के बाद मोमिनपुरा नवागढ़ वार्ड में लगाया गया कैंप



पाइप लाइन का निरीक्षण ननि नेता प्रतिपक्ष व अन्य।



शिविर में मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के मोमिनपुरा, नवागढ़ वार्डों में दूषित पेयजल के कारण पीलिया के मरीज मिलने के मामले सामने आने के बाद सोमवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित वार्ड में कैंप लगाया गया। इस दौरान वार्ड में 115 से अधिक संभावित मरीजों के ब्लड सैम्पल लिए गए है। इस बीच शहर के घुटरापारा क्षेत्र में भी पीलिया के 6 नए मरीज मिलने की बात सामने आई है। इस दौरान नगर निगम भी वार्ड में पाइप लाइन में लीकेज खोजने का अभियान चलाया गया और लोगों के घरों से पानी के सैम्पल लिए गए है। सैम्पल को जांच के लिए भेजा गया जा रहा है और जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**खास बात**

- ननि ने भी लिया जांच के लिए पानी का सैंपल, घुटरापारा में 6 नए मरीज मिलने की बात आई सामने

बता दें कि पिछले दिनों शहर के नवागढ़ और मोमिनपुरा में पीलिया के मरीज मिलने की बात सामने आई थी। लगातार पीलिया के केस मिलने पर स्वास्थ्य विभाग ने ही स्वयं से लोगों के घरों का पानी लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में माइक्रो बायोलोजी लैब में जांच कराई गई। जांच में 10 में से 4 सैम्पल दूषित पाया गया और उसमें ई कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि हुई। दूषित पेयजल और पीलिया की पुष्टि होने के बाद नगर निगम में हड़कंप मच गया है। मामला सामने आने के बाद नगर निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के निर्देश पर ननि की टीम वार्डों में पहुंची और पानी के सैम्पल लिए गए थे। वहीं रविवार को ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने भी वार्ड का दौरा कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। वहीं सोमवार को वार्ड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क कैम्प लगाया गया। इस दौरान कैम्प में नवागढ़, मोमिनपुरा क्षेत्र के 115 से अधिक संभावितो के ब्लड सैम्पल लिए गए है इसी बीच शहर के घुटरापारा में भी 6 नए पीलिया मरीज मिलने की बात सामने आई है जिससे संक्रमण के फैलाव की आशंका गहरा गई है। जबकि नगर निगम द्वारा भी 15-20 घरों से पानी का सैम्पल लिया गया है। अब लिए गए पानी के सैंपल और ब्लड जांच के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट होगी। इधर नागरिकों में चिंता बढ़ती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से उबला हुआ पानी पीने, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने और लक्षण दिखने पर तत्काल जांच कराने की अपील की है। नगर निगम आयुक्त डीएन कश्यप ने बताया कि दूषित जल आपूर्ति की शिकायत के बाद तत्काल टीम गठित कर जांच शुरू की गई है। प्रभावित क्षेत्रों से पानी के कई नमूने लेकर जांच के लिए रायपुर भेजे गए हैं। रिपोर्ट प्राप्त होते ही आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### पाइप लाइन के मरम्मत में जुटा विभाग

सप्लाई वाले पाइप लाइन से दूषित पानी लोगों के घरों तक जाने की आशंकाओं के बीच लीकेज खोजने और पाइप लाइन के मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। ननि आयुक्त डीएन कश्यप के साथ ही जल प्रदाय शाखा की टीम वार्ड में पहुंची थी। इस दौरान यह बात भी सामने आई कि नल कनेक्शन के दौरान पाइप को जोड़ने के लिए एमजे कालर लगाने के बदले रबर ट्यूब लगाया गया है जिससे भी नाली का पानी पाइप लाइन में जा सकता है। मरम्मत कार्य के बीच सफाई व्यवस्था को लेकर सवाल बने हुए हैं प्रभावित इलाकों में नियमित सफाई और क्लोरीनेशन की स्थिति स्पष्ट नहीं है।

### नेता प्रतिपक्ष ने जताई आशंका

सोमवार को ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद भी निगम आयुक्त, पार्षदों, स्वास्थ्य विभाग और जल शाखा के कर्मियों के साथ प्रभावित क्षेत्र में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर और पाइप लाइन के सुधार कार्य की निगरानी में डटे रहे। उन्होंने कहा कि यदि यह केवल एक पाइप लाइन की खराबी का मामला होता तो संक्रमण एक सीमित क्षेत्र तक रहता। लेकिन विभिन्न बस्तियों से मरीज मिलना बताता है कि कहीं न कहीं व्यापक स्तर पर लापरवाही हुई है। उन्होंने आशंका जताई कि या तो कई स्थानों पर पाइप लाइन मरम्मत कार्य अमानक और त्रुटिपूर्ण रहा है, या फिर जल शुद्धिकरण संयंत्र में निर्धारित मानकों के अनुरूप एलम, ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरीन का उपयोग नहीं किया जा रहा। यदि पानी का समुचित शुद्धिकरण नहीं हो रहा है तो शहर वासियों को दूषित पेयजल मिलना स्वाभाविक है,जो इस प्रकोप की जड़ हो सकता है।

### रिपोर्ट के बाद स्थिति होगी स्पष्ट

शिकायत मिलने के बाद वार्ड में नगर निगम की टीम लगातार सर्वे करने के साथ ही पानी का सैंपल ले रही है। स्वास्थ्य विभाग ने भी कैंप लगाकर ब्लड सैंपल लिया है। रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

-**श्रीमती मंजूषा भगत**, महापौर ननि

## एसपी ने ली जिले के पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

सोमवार को एसपी वैभव बैंकर ने जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान एसपी ने कहा कि पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करें और जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सुरक्षा और उन्हें न्याय दिलाना है। इसके लिए अनुशासन, ईमानदारी और मेहनत आवश्यक है। हम सभी को मिलकर एक टीम भावना से काम करना होगा और हर स्तर पर अपराधों को रोकने के लिए प्रयास करना होगा।



- लंबित अपराधों का निराकरण करने के निर्देश

एसपी श्री बैंकर ने पुलिस अधिकारियों को आगामी होली त्यौहार एवं रमजान महीने के उपलक्ष्य में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ रखने और लोगों के बीच शांतिपूर्ण वातावरण रहे इस संदर्भ में शांति समिति की बैठक लेकर पुलिस को एक्टिव रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा विशेष जोर 1 साल से लंबित अपराधों के निराकरण, लंबित चिटफंड एवं धोखाधड़ी के मामलों का निराकरण, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, लंबित पीड़ित मुआवजा योजनाओं को पूरा करने, लंबित शिकायतों, वर्दी और बेसिक पुलिसिंग के आदर्शों का पालन करने पर दिया गया। एसपी ने गुमशुदा व्यक्तियों के मामलों पर विशेष ध्यान देते हुए पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए। उन्होंने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बच्चों की तलाश और उनके पुनर्वास पर भी जोर दिया। एसपी ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी और उनके दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जाए। लगातार एनडीपीएस के प्रकरण में जब्त वाहनों को राजसात एवं नशे के फाइनेंसियल इन्वेस्टीगेशन और बैकवर्ड फॉरवर्ड लिंकेज पे कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाए और आम जनता को इसके प्रति जागरूक किया जाए। साइबर अपराध के नए ट्रेंड्स जैसे की म्यूल अकाउंट, पॉइंट ऑफ सेल इन्वेस्टीगेशन, सोशल इंजीनियरिंग, फेक एपीके, ओटीपी फ्रॉड जैसे अन्य साइबर मॉडस ऑपरेंडी पर चर्चा कर साथ ही, आईटी अधिनियम के तहत होने वाले अपराधों की त्वरित जांच और निपटान पर भी जोर दिया गया। एसपी ने महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिला संबंधी अपराधों को प्राथमिकता दी जाए और पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पॉक्सो अधिनियम के तहत होने वाले अपराधों की जांच में तेजी लाने के निर्देश दिए। यातायात स्थिति की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शराब पीकर वाहन चलाना, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट, ट्रिपल सवारी, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना, ओवरलोडिंग और ओवरस्पीडिंग में सुसंगत धाराओं में प्रभावी कार्रवाई करने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने जिले में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर संतोष व्यक्त किया, लेकिन उन्होंने कहा कि इसमें कोई ढिलाई नहीं बरती जाए। इस दौरान एसडीओपी वाड्रफनगर रामावतार ध्रुव, एसडीओपी बलरामपुर मो याकूब मेमन, रामानुजगंज एसडीओपी बाजीलाल सिंह, डीएसपी हेड क्वार्टर प्रमोद किस्पोट्टा, डीएसपी अजाक कमलेश्वर भगत तथा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी, रक्षित निरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर के स्टाफ उपस्थित रहे।



## हायर सेकेंड्री मुख्य परीक्षा में शामिल हुए 7572 छात्र छात्राएं

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा 2026 अंतर्गत परीक्षा केन्द्र क्रमांक 71 में 23 फरवरी को राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र, फसल उत्पादन एवं उद्यान शास्त्र, वस्तु चित्रण एवं आलेखन, शरीर क्रिया विज्ञान एवं प्राथमिक चिकित्सा विषयों की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

- उड़नदस्ता दलों ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

परीक्षा की सुचारू एवं निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर जिला सरगुजा द्वारा गठित उड़नदस्ता दल द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरगंवा, रामपुर, मेण्ड्राकला, सुखरी, लहपटरा, पेटला, नर्मदापुर, कमलेश्वरपुर, प्रभात राई, आदर्श जीवन दीप जजगा एवं डी. हिलाक्स पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी, अम्बिकापुर द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर, नगरपालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अम्बिकापुर, लुण्ड्रा, धौरपुर, डी. हिलाक्स पब्लिक स्कूल अम्बिकापुर एवं प्रभात राई परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों में परीक्षा सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण रूप से संचालित होना पाया गया।

उक्त परीक्षा में कुल 7676 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 7572 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए तथा 104 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा कार्य में संलग्न सभी केन्द्राध्यक्षों, पर्यवेक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित संचालन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## पं.मदन मोहन की जीवनी से सीखें हर बाधा को जीतने का तरीका : त्रिपाठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

शासकीय नवीन महाविद्यालय में आयोजित व्याख्यान में मालवीय मिशन के केंद्रीय समिति के सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को पं.मदनमोहन मालवीय के जीवन संघर्षों एवं विपरीत परिस्थितियों में भी अपने संकल्प को पूरा करने की गाथा से अवगत कराया एवं छात्र-छात्राओं को हर परिस्थिति में अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

- शासकीय नवीन महाविद्यालय में हुआ व्याख्यान

उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन की कठिनाइयों से कभी भी हार नहीं मानना चाहिए तथा इन कठिनाइयों को पार करने वाले व्यक्ति के लिए लक्ष्य आसान हो जाता है तथा वह अपने हर संकल्प को पूरा करने में सफल हो सकता है। महामना पं.मदनमोहन मालवीय का संघर्षों से भरा जीवन इसका बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा पंडित मालवीय ने बेहद गरीबी एवं संघर्षों के बीच जीवन-यापन करने के बावजूद कभी उनका उत्साह कम नहीं हुआ और कठिन संघर्षों के बीच उन्होंने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय को स्थापित किया। वे संस्कृत एवं हिन्दी के साथ ही अंग्रेजी भाषा के अच्छे ज्ञाता एवं वक्ता थे। उनकी फर्राटेदार अंग्रेजी का उद्बोधन सुनकर अंग्रेज भी उनके कायल हो जाते थे। वर्ष 1931 में इंग्लैंड प्रवास के दौरान उनके फर्राटेदार अंग्रेजी भाषा के उद्बोधन से प्रभावित होकर वहां के प्रधानमंत्री ने उनकी जमकर सराहना की थी तथा कहा कि आपके सामने हमारे दो विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर एवं विद्यार्थी बेकार है। उन्होंने जनरल डायर के विरूद्ध इंग्लैण्ड में पांच घंटे तक दहाड़ा। उन्होंने कहा कि पं.मालवीय का जीवन हमारे लिए प्रेरणा है। हमें उनके जीवन से हर बाधा को जीतने की प्रेरणा लेनी चाहिए।



## सरपंच संघ ने नौ सूत्रीय मांगो को लेकर किया धरना प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जनपद पंचायत प्रतापपुर क्षेत्र के सरपंचों ने सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सरपंच, पंच एवं जनपद सदस्य शामिल हुए। जनपद पंचायत कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन के पश्चात संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री, राज्यपाल तथा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में पंचायतों से जुड़ी 9 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया गया है। संघ ने कहा कि ग्राम पंचायतों को पर्याप्त वित्तीय अधिकार और संसाधन नहीं मिलने के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार बाधित हो रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि 50 लाख रुपये तक के निर्माण कार्यों में ग्राम पंचायतों को ही एजेंसी बनाया जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। साथ ही धरती आंबा योजना के अंतर्गत पूरे सरगुजा संभाग की सभी ग्राम पंचायतों को शामिल करने की मांग की गई है। सरपंच संघ ने 15वें और 16वें वित्त आयोग की लंबित राशि तत्काल जारी करने की मांग भी उठाई। प्रतिनिधियों ने कहा कि समय पर राशि नहीं मिलने से निर्माण कार्यों और विकास योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित हो रहा है। इसके अतिरिक्त सरपंचों का मानदेय 15 हजार रुपये प्रतिमाह तथा 5 हजार रुपये पेंशन निर्धारित करने, पंचों का मानदेय 2 हजार रुपये और जनपद सदस्यों का मानदेय 20 हजार रुपये करने की मांग की गई है। धरना प्रदर्शन के दौरान पदाधिकारियों ने शासन से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने तथा मांगों पर समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## बकाया राशि अधिक होने पर चेतावनी भेजने के बाद ऑटो मोड में कट रही बिजली

# स्मार्ट मीटर लगने से बिजली चोरी की घटनाओं में आई कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत बिश्रामपुर टाउन, सिलफिली और लटोरी क्षेत्र में कुल 33,360 उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं पर करीब साढ़े 34 करोड़ रुपये की बकाया राशि लंबित है जिसकी वसूली में विद्युत विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। हालांकि स्मार्ट मीटर की स्थापना से विभाग को राहत मिलनी शुरू हो गई है।

- मीटर से छेड़छाड़ होने पर विभाग को मिलता है अलर्ट सिग्नल

अब तक 14,312 उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। सहायक अभियंता प्रतीक बारा ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने से स्पॉट बिलिंग आसान हुई है और बिल वसूली में भी सुधार आया है। बकाया बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को सिस्टम द्वारा तीन अलग-अलग दिनों में मैसेज भेजकर चेतावनी दी जा रही है। इसके बावजूद भुगतान नहीं होने की स्थिति में सिस्टम से ही विद्युत आपूर्ति स्वतः बंद कर दी जाती है। स्मार्ट मीटर बिजली चोरी और मीटर से छेड़छाड़ के मामलों में भी कारगर साबित हो रहा है। यदि कोई उपभोक्ता मीटर से टेंपरिंग करता है या अवैध रूप से बिजली उपयोग करता है तो इसकी सूचना स्वतः विभाग को मिल जाती है जिससे जांच और कार्रवाई पहले की तुलना में अधिक आसान हो गई है। अधिकारी ऑनलाइन रीडिंग देखकर बिलिंग और अन्य शिकायतों का भी त्वरित समाधान कर पा रहे हैं। गौरतलब है कि स्मार्ट मीटर की स्थापना से विभाग की मैनपावर की बचत हुई है और बकाया वसूली की प्रक्रिया सरल बनी है,पूर्व में वित्तीय वर्ष के अंत में अधिकारी-कर्मचारी घर-घर जाकर वसूली करते थे, जिससे कई बार विवाद की स्थिति भी बनती थी,अब डिस्कनेक्शन और वसूली की प्रक्रिया स्वचालित होने से पारदर्शिता और प्रभावशीलता दोनों बढ़ी हैं,शासन स्तर पर प्रत्येक घर में स्मार्ट मीटर लगाने को प्राथमिकता दी जा रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार बिश्रामपुर उपसंभाग में अभी आधे से अधिक उपभोक्ताओं के निवास या संस्थानों में स्मार्ट मीटर लगाया जाना अब भी शेष है। विद्युत विभाग इसे चरणबद्ध तरीके से शत-प्रतिशत पूरा करने के प्रयास में जुटा है।




## ट्रेलर की चपेट में आया कॉलरी कर्मी, गंभीर



**सोनगरा।** अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर सोमवार की सुबह तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार एक कॉलरी कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं पीछे बैठे व्यक्ति को भी चोट आई है। घटना के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बी एन 9910 सिंगरौली से सामान खाली कर वापस लौट रहा था।

जैसे ही जरही भारत माता चौक के समीप पहुंचा तभी बाइक क्रमांक सीजी 15 डी ई 2685 में सवार शिवानी खदान के कर्मचारी समित लाल (55 वर्ष) जो सुबह अपने साथी के साथ जरही की ओर आ रहे थे तभी ट्रेलर की चपेट में आ गए। घटना को देख स्थानीय लोगों ने घायल को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को अंबिकापुर भेज दिया गया। सूचना मिलते ही भटगांव पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है साथ ही फरार चालक की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जरही क्षेत्र में तेज रफ्तार से वाहनों का संचालन आम बात हो गई है, जिससे आए दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। घटना के बाद कुछ समय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। हालांकि पुलिस ने समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया।



# जब खुली किताब का फर्स्ट लुक आया सामने, ओटीटी पर होगी रिलीज

**मुंबई।** डिंपल कपाड़िया और पंकज कपूर अभिनीत फिल्म 'जब खुली किताब' का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। यह फिल्म सीधे ओटीटी पर दस्तक देगी। इस फिल्म में मशहूर एक्टर पंकज कपूर और डिंपल कपाड़िया मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान सौरभ शुक्ला ने संभाली है। इस फिल्म को सौरभ शुक्ला ने डायरेक्ट ही नहीं किया, बल्कि लिखा भी है। यह सौरभ शुक्ला के इसी नाम के ओरिजिनल प्ले पर बेस्ड है। फिल्म स्क्रीन पर एक प्यारा, मजेदार और इमोशनल लेयर वाला लेट-लाइफ रोमांस दिखाती है। 'जब खुली किताब' 6 मार्च से जी5 पर स्ट्रीम होगी। फिल्म 'जब खुली किताब' गोपाल और अनुसूया की कहानी है, जिनकी दशकों पुरानी शादी एक अचानक हुए खुलासे से हिल जाती है।

लाइफ Style



# आलिया
## बाफ्टा के मंच पर छा गईं

ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स अवाड्र्स 2026 में आलिया भट्ट बतौर प्रजेंटर स्टेज पर नजर आईं। उन्होंने अपनी स्पीच से सबको गदगद कर दिया, जहां उन्होंने हिंदी की कुछ दमदार लाइनें कहीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट ने ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स अवाड्र्स 2026 में अपने डेब्यू से केवल अपने बॉलीवुड फैन्स ही नहीं बल्कि वहां मौजूद विदेशियों का भी दिल जीत लिया। एक तो रेड कार्पेट पर अपने खूबसूरत अंदाज से उन्होंने सबका ध्यान खींच लिया और फिर जब वो मंच पर आईं तो हिंदी में नमस्कार कहते हुए जो कुछ कहा, उसपर तालियां गूंज उठीं। जी हां, आलिया भट्ट की बाफ्टा में एंट्री को लेकर काफी समय से चर्चा थी जो अब पूरा हो गया। आलिया ने इस कार्यक्रम में स्टेज पर बतौर स्पीकर शिरकत की। उन्होंने हॉलीवुड के ग्लैमर को दिखाते हुए बेस्ट नॉन इंग्लिश फिल्म को अवॉर्ड दिया। इससे पहले आलिया ने अपने भाषण से सबका दिल जीता। उन्होंने मंच पर नमस्कार कहते हुए कुछ लाइनें हिंदी में कही और फिर उन्होंने अपनी इन बातों को अंग्रेजी में भी समझाया जिसे सुनकर वहां मौजूद लोगों ने खूब तालियां बजाईं। आलिया भट्ट ने बाफ्टा मंच पर बुलाने से पहले होस्ट एलन कमिंग ने एक्ट्रेस का एक शानदार परिचय दिया और इसके बाद उन्होंने वहां एंट्री मारी। आलिया ने अपनी छोटी सी स्पीच में कहा, 'अगला अवार्ड एक ऐसी फिल्म के लिए है, जो अंग्रेजी में नहीं है।'

## हॉलीवुड मसाला



# थॉर होना बच्चों को नहीं लगता कूल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार क्रिस हेम्सवर्थ मजेदार अंदाज में बताया कि उनके बच्चों को उनकी ग्लोबल फैन फॉलोइंग से कोई खास फर्क नहीं पड़ता। लंदन में दिए एक इंटरव्यू में क्रिस ने कहा कि उनके बच्चे उनकी स्टारडम को बिल्कुल भी 'कूल' नहीं मानते। उन्होंने हंसते हुए कहा, 'उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता बिल्कुल भी नहीं। जब उन्हें पहली बार पता चला कि मैं 'थॉर' हूं, तो उन्हें बहुत कूल लगा। लेकिन, जब उन्हें समझ आया कि मैं सच में उड़ नहीं सकता, तो उन्हें उतना



# गर्लफ्रेंड के साथ एरिक की तस्वीरें वायरल...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता एरिक डेन का निधन 53 साल की उम्र में हुआ। इस दुख भरी घटना के बाद अब उनकी गर्लफ्रेंड जेनेल शर्टक्लिफ ने अभिनेता के निधन के बाद एक भावुक श्रद्धांजलि दी है। जेनेल और एरिक की इंस्टाग्राम पर कई सुंदर तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जिनमें एरिक अपनी गर्लफ्रेंड जेनेल शर्टक्लिफ के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में एरिक अपनी प्रेमिका के साथ नजर आ रहे हैं। एरिक और जेनेल तीन साल से ज्यादा समय से ऑन-ऑफ रिलेशनशिप में थे। जून 2025 में उन्होंने 'काउंटडाउन' शो के प्रीमियर पर पहली बार साथ रेड कार्पेट पर आए थे। एरिक ने अपनी बीमारी के दौरान लोगों को बहुत प्रेरित किया। उन्होंने कहा था, 'चुनौतियों का सामना करो, चाहे स्वास्थ्य की हो या कोई और।



# अगर कुछ गलत है तो फिल्में बनाना छोड़ दूंगा


**मुंबई।** फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' की रिलीज से पहले इस पर बहस छिड़ी है। फिल्म का ट्रेलर जब से आया है, तब से इस पर तीखी प्रतिक्रियाएं आई हैं। फिल्म की कहानी और थीम को लेकर इस पर विवाद शुरू हो गया है। इस बीच डायरेक्टर कामाख्या नारायण सिंह ने फिल्ममेकर के तौर पर अपनी भूमिका को लेकर हो रही चिंताओं का सीधे जवाब दिया है। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकर रहा हूं। मैंने हमेशा ऐसी डॉक्यूमेंट्री और फिल्में बनाई हैं, जो समाज की बुराइयों और मुद्दों को दिखाती हैं। उन्होंने फिल्म के असली होने पर अपना भरोसा जताते हुए कहा, 'मैंने अपना काम पूरी ईमानदारी से किया है, मुझ पर भरोसा करें। अगर हमने फिल्म में कुछ भी गलत दिखाया है, तो मैं फिल्म बनाना छोड़ दूंगा'।



# काम पर लौटे राजपाल शुरू की शूटिंग...

**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव चेक बाउंस मामले में जेल से बाहर आ चुके हैं। राजपाल अब काम पर लौट आए हैं। उन्होंने सोमवार को कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के सेट से अपना एक खास वैनिटी विचार का वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। जिसमें उन्होंने कई बातों का जिक्र किया है। जो उनके फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। राजपाल की टीम ने बताया कि मुंबई पहुंचते ही वह शूटिंग में जुट गए हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को अहमद खान डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें 30 से ज्यादा बड़े कलाकार हैं। जिसमें शामिल हैं- अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, परेश रावल, जॉनी लीवर, राजपाल यादव। राजपाल ने जेल से बाहर आने के बाद अपना पहला वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है।

## टीवी मसाला



# पीयूष का जाना मेरे लिए बहुत पीड़ादायक था : शुभांगी

**नई दिल्ली।** 'भाभी जी घर पर है' फेम शुभांगी अत्रे ने एक बातचीत में अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की। दिवंगत पति से लेकर शिल्पा शिंदे तक पर अपनी राय रखी। छोटे पर्दे पर अंगूरी भाभी बनकर हंसाने-गुदगुदाने वाली शुभांगी अत्रे निजी जिंदगी में कई उतार-चढ़ावों से गुजरीं, मगर उन्होंने दर्शकों का मनोरंजन करना नहीं छोड़ा। पति से अलगाव, सिंगल मदर होने की चुनौतियों और फिर पति के जाने की पीड़ा के बीच उन्होंने कलाकार होने का धर्म हमेशा निभाया। दस सालों तक भाबी जी घर हैं, से जुड़ी रहने वाली शुभांगी की जगह आज भले शिल्पा शिंदे ने वापसी की है, मगर शुभांगी को कोई शिकवा नहीं है। वे इसी शो पर आधारित फिल्म भाबीजी घर पर हैं: फन ऑन द रन से चर्चा में हैं। अपनी जिंदगी के सबसे मुश्किल दौर का जिक्र करते हुए वे कहती हैं, 'पिछले तीन -चार साल मेरे लिए काफी टफ रहे। मैं बहुत प्राइवेट पर्सन रही हूं। मेरा बहुत बड़ा सर्कल नहीं है, मैं पार्टियों की शौकीन नहीं हूं। मेरे लिए मेरा घर और काम सबसे अहम रहा है, तो वो जो सेपरेशन (पति से अलगाव) वाला समय था, वो बहुत मुश्किल था। पिछले साल जब पीयूष (उनके पति) चल बसे, तो वो मेरे लिए बहुत पीड़ादायक था। (कहते-कहते वे रो पड़ती हैं) मगर मुझे यकीन है कि वे मुझे और आशी (उनकी बेटी) को आशीर्वाद देते रहेंगे। मैं पीयूष को अपनी खुशनुमा यादों में रखना चाहती हूं।

## पति पर फिर भड़कीं वड़ा पाव गर्ल


**नई दिल्ली।** चंद्रिका दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर एक नई रील शेयर की है। इसमें उन्होंने पति युगम गेरा को चेतावनी दी है और कहा है कि उनके



पास सिर्फ 3 दिन का समय है, उसके बाद वह उनका मां वाला रूप देखेंगे। वड़ा पाव गर्ल उर्फ चंद्रिका दीक्षित बीते 20 दिनों से इंस्टाग्राम पर छाई हुई हैं। पति युगम गेरा पर धोखा देने का आरोप लगाने से लेकर मिस्ट्री मैन संग प्यार के फूल खिलाने तक के वीडियोज वह शेयर कर रही हैं, जिस पर लोग तरह-तरह के रिएक्शन्स दे रहे हैं। हालांकि, उनके पति भी पलटवार कर रहे हैं। इन तीनों के बीच आखिर क्या चल रहा है, इसकी जानकारी तो हो नहीं सकी है। लेकिन, लेटेस्ट वीडियो में 'बिग बॉस ओटीटी 3' कंटेस्टेंट ने 3 दिन की मोहलत जरूर दी है। इंस्टाग्राम पर चंद्रिका ने एक वीडियो बनाकर शेयर की। इसमें वह युगम को चेतावनी देते हुए कह रही हैं, 'दुकान चाहिए? रख। दुकान रखनी थी तो रख। दुकान का एक्सेस रख, पैसे रख, घर-बार सब रख ले। बस एक बात ध्यान से सुन, अब मुझे तुझसे जुड़ी चीज कुछ भी नहीं चाहिए। न तेरा पैसा, न तेरा नाम। तेरा नाम भी नहीं चाहिए। रोज-रोज-रोज... नहीं हो रहा है अब मेरे से।'

# जुनैद की फिल्म 'एक दिन' का टाइटल ट्रैक आमिर ने किया रिलीज

मुंबई। आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' जल्द ही रिलीज होने वाली है। आमिर खान प्रोडक्शन ने इसका टाइटल ट्रैक बिल्कुल अलग अंदाज में रिलीज किया है। इस गाने में प्लेबैक सिंगिंग से दूर जा चुके अरिजीत सिंह की आवाज सुनाई दे रही। साथ ही आमिर खान और अरिजीत का एक अनेदखा वीडियो भी साझा किया गया है। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। पिछले दिनों आमिर खान सिंगर अरिजीत सिंह के होमटाउन मुर्शिदाबाद पहुंचे थे। अरिजीत के साथ पूरा शहर घूमा। साथ ही उन्हें फिर से गाने के लिए राजी किया। इसके बाद अरिजीत ने फिल्म 'एक दिन' में गाना गाया। अब 'एक दिन' का टाइटल ट्रैक गाते हुए अरिजीत सिंह का एक वीडियो सामने आया, इसे फिल्म के मेकर्स ने शेयर किया। इस वीडियो में आमिर खान अरिजीत को गाते हुए सुन रहे हैं। यह वीडियो फैंस के लिए किसी सरप्राइज की तरह साबित हुआ। अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग से रिटायरमेंट की घोषणा की थी। इस खबर को सुनकर आमिर खान उनसे मिलने पहुंचे। इसके बाद आमिर



खान प्रोडक्शंस की अगली फिल्म 'एक दिन' में अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज दी। यह एक रोमांटिक सॉन्ग है, जिसमें अरिजीत ने अपनी आवाज का जादू चलाया है। एक दिन के टाइटल ट्रैक को आमिर खान प्रोडक्शन ने अलग अंदाज में दर्शकों के साथ साझा किया है। इसमें आमिर खान सामने बैठे हैं और अरिजीत गाना रिकॉर्ड कर रहे हैं।

# फरवरी के आखिरी वीक में ओटीटी पर होगा मनोरंजन का धमाल, दस्तक देंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** फरवरी विदा ले रही है। रंगों के त्योहार होली की तैयारी है। सिनेमाघरों में 'ओ रोमियो' से लेकर 'अस्सी' तक की चर्चा है। कुछ नई फिल्में भी रिलीज होंगी। थिएटर्स के अलावा कुछ सीरीज और फिल्में हमेशा की तरह ओटीटी पर भी आएंगी। फरवरी के इस आखिरी वीक में ओटीटी पर मनोरंजन का धमाल रहेगा।

**इक्कीस** : दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' इस साल पहली जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा फिल्म है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल पर आधारित है। अगस्त्य नंदा ने लीड रोल अदा किया है। यह फिल्म 26 फरवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

**इक कुड़ी** : यह शहनाज गिल अभिनीत फिल्म है। इसमें शहनाज ने दोहरी भूमिका अदा की है। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से इसे अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। अब यह ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर 26 फरवरी से स्ट्रीम होगी। यह फिल्म शादी और रिश्तों को एक महिला के नजरिए से दिखाने की कोशिश करती है।



## क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम

मराठी फिल्म 'क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ रही है। हेमंत धोमे के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शक 27 फरवरी से जी5 पर देख सकते हैं। इस फिल्म की कहानी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की वजह से मराठी स्कूलों में घटती बच्चों की संख्या के मुद्दे को दिखाती है। इसमें दिखाया गया है कि स्कूल के पुराने छात्र और शिक्षक संस्था को बचाने के लिए साथ आते हैं। फिल्म में सचिन खेड़ेकर, अमेय वाघ, सिद्धार्थ चंदेकर, प्राजक्ता कोली, क्षिति जोग, कादंबरी कदम और हरीश दुधाड़े जैसे सितारे अहम रोल में हैं।

**द ब्लफ** : बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' भी फरवरी के आखिरी सप्ताह की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 25 फरवरी से प्राइम वीडियो पर आएगी। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर ने किया है।

## वन बैटल आफ्टर अनदर और सिनर्स का रहा दबदबा

# भारतीय फिल्म 'बूंग' ने पहली बार जीता बाफ्टा अवॉर्ड

*लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में 79वें बाफ्टा अवाड्र्स आयोजित हुए। बाफ्टा अवॉर्ड जीतने वालों की लिस्ट में भारतीय फिल्म 'बूंग' भी रही। वहीं, लियोनार्डो डिकैप्रियो की 'वन बैटल आफ्टर अनदर' और अमेरिकी फिल्म 'सिनर्स'का बोलबाला रहा।*

**मुंबई।** बाफ्टा अवॉर्ड 2026 में भारतीय फिल्म 'बूंग' ने चिल्ड्रन्स एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता। इसके अलावा इस बार बाफ्टा में 'वन बैटल आफ्टर अनदर' और 'सिनर्स' का दबदबा रहा। लियोनार्डो डिकैप्रियो की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर'सर्वश्रेष्ठ फिल्म समेत छह पुरस्कार जीते। वहीं, अमेरिकन फिल्म सिनर्स और हॉरर कहानी फ्रैंकस्टीन ने तीन-तीन पुरस्कार जीते। जेसी बकले ने हैमनेट के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। जबकि, रॉबर्ट आरामयो ने ब्रिटिश इंडी फिल्म आई स्वियर के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम किया।

### वन बैटल आफ्टर अनदर ने मारा सिक्सर

पॉल थॉमस एंडरसन की राजनीतिक थ्रिलर फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' ने शाम पर अपना दबदबा कायम किया और सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह पुरस्कार जीते। इनमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म, निर्देशक, अडॉप्टेड स्क्रीनप्ले, सिनेमैटोग्राफी, एडिंग और सपोर्टिंग एक्टर (मेल) का अवॉर्ड शामिल है। शॉन पेन के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जीता।



### सिनर्स ने रचा इतिहास

इसके ठीक पीछे रयान कूगलर की फिल्म 'सिनर्स' थी, जिसने तीन पुरस्कार जीतकर बाफ्टा इतिहास रच दिया। यह ब्रिटिश अकादमी में किसी अश्वेत फिल्म निर्माता की फिल्म के लिए अब तक का सबसे अधिक पुरस्कार है। फिल्म के लिए वुन्मी मोसाकु ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। जबकि रयान कूगलर ने बेस्ट ओरिजनल स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड अपने नाम किया। इसके साथ ही वह इस श्रेणी में पुरस्कार जीतने वाले पहले अश्वेत फिल्म निर्माता बन गए। वहीं सिनर्स ने बेस्ट ओरिजिनल का अवॉर्ड भी अपने नाम करके तीन अवॉर्ड जीते।

### मणिपुरी फिल्म बूंग लेकर आई खुशखबरी

बाफ्टा से भारत के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी मणिपुरी फिल्म बूंगलेकर आई। फरहान अख्तर द्वारा प्रोड्यूस मणिपुरी फिल्म बूंग ने बेस्ट चिल्ड्रन्स एंड फैमिली फिल्म कैटेगरी में बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड जीता। इस फिल्म को लक्ष्मीप्रिया देवी ने निर्देशित किया है। बूंग ने नॉमिनेशन में फ्रेंच फिल्म आर्को, अमेरिकन साइंस फिक्शन कॉमेडी लिलो एंड स्टिच और जूटोपिया 2 जैसी फिल्मों को पीछे छोड़ा।

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म - बैटल आफ्टर अनदर
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक - पॉल थॉमस एंडरसन (वन बैटल आफ्टर अनदर)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - जेसी बकले (हैमनेट)
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता - रॉबर्ट आरामयो (आई स्वियर)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री - वुन्मी मोसाकु (सिनर्स)
- सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता
- आउटस्टैंडिंग ब्रिटिश फिल्म- हैमनेट
- बेस्ट चिंड्रेंस एंड फैमिली फिल्म - बूंग
- गैर अंग्रेजी भाषा की फिल्म - सेंटिमेंटल वैल्यूज
- बेस्ट स्क्रीनप्ले - सिनर्स
- बेस्ट एनिमेटेड फिल्म - जूट्रोपोलिस 2
- बेस्ट डॉक्यूमेंट्री - मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन
- बेस्ट सिनेमैटोग्राफी - वन बैटल आफ्टर अनदर
- बेस्ट एडिटिंग - वन बैटल आफ्टर अनदर
- स्पेशल विजुअल इफेक्ट्स - अवतारः फायर एंड ऐश
- ब्रिटिश शॉर्ट फिल्म - दिस इज एंडोमेट्रियोसिस
- राइजिंग स्टार - रॉबर्ट अरामायो (सिनर्स)

## खबर संक्षेप

### हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी पूरी नहीं हुई भर्ती

**रायगढ़।** मेडिकल कॉलेज रायगढ़ की वार्ड बॉय वार्ड आया की भर्ती 8 साल गुजरने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है। 2017 में इसका एग्जाम हुआ था पर चयन समिति के गलत फैसले के कारण हाईकोर्ट में याचिका कर दी गई। 2023 में इसका निराकरण भी हो गया था। इसके बाद 10 नवम्बर 2025 को उच्च न्यायालय के समक्ष डीन द्वारा 6 माह का समय मांगा गया था, पर उच्च न्यायालय ने फटकार लगाते हुए 3 महीने में भर्ती पूरा करने का निर्देश दिया था। इसके बाद चिकित्सा आयुक्त ने भी जल्द भर्ती प्रकिया पूरा करने आदेश दिया ताकि उच्च न्यायालय का आदेश का उलंघन न हो। अब तक मेडिकल कॉलेज ने भर्ती प्रकिया को पूर्ण नहीं किया,। ऐसे में माना जा रहा है कि इन्हें न उच्च न्यायालय के आदेश की परवाह है न चिकित्सा आयुक्त के आदेश का। ऐसे में जो बेरोजगार इस नौकरी की आस में बैठे हैं उनकी सपने पूरे नहीं हो पा रहे हैं।

### दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**राउरकेला।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में राउरकेला स्थित पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश पीसूर्य राव ने आरोपित को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है तथा उस पर 1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में अतिरिक्त दो वर्ष की सजा भुगतनी होगी। अदालत ने 15 गवाहों के बयान 18 दस्तावेजों और सरकारी वकील की सशक्त दलीलों के आधार पर यह निर्णय सुनाया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुआरमुंडा निवासी किशोर तिर्की 51 के रूप में हुई है। यह जघन्य घटना 9 मार्च 2020 को हुई थी। उस समय साढ़े छह वर्ष की बच्ची घर में अकेले खेल रही थी। आरोपी किशोर ने बच्ची को अकेला पाकर घर में प्रवेश किया और उसके साथ दुष्कर्म कर फरार हो गया। बाद में परिजनों ने इस संबंध में बीरमित्रपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर बीरमित्रपुर पुलिस ने फरार आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### विकास कार्य लंबित सीमावर्ती गांव उपेक्षित

**राउरकेला सुंदरगढ़।** आदिवासी बहुल क्षेत्र के एक गाँव में विकास कार्य लंबे समय से लंबित पड़े हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों में कई सरकारी योजनाएँ स्वीकृत होने के बावजूद जमीनी स्तर पर उनका कोई प्रभाव दिखाई नहीं देता। विधानसभा क्षेत्र के समीप स्थित होने के बावजूद यह गाँव मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। ग्रामीणों के अनुसार पेयजल, पक्की सड़क, आवास और बिजली जैसी बुनियादी समस्याएँ आज भी जस की तस बनी हुई हैं। कई परिवारों का नाम सरकारी आवास योजना की सूची में होने के बावजूद उन्हें अब तक घर नहीं मिल पाया है। कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य शुरू तो हुआ, लेकिन अधूरा छोड़ दिया गया। बरसात के मौसम में कच्ची सड़कों के कारण आवागमन बाधित हो जाता है जिससे स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक ठोस पहल नहीं हुई। उनका आरोप है कि घोषणाएँ तो की जाती हैं, पर क्रियान्वयन में गंभीरता की कमी है।

### पुलिस कर रही किरायेदारों का सत्यापन

**राउरकेला।** एक महत्वपूर्ण जनसंपर्क पहल के तहत ने शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कई अहम घोषणाएँ जारी की हैं। माइक्रोफोन प्रचार के माध्यम से की गई सार्वजनिक घोषणा के अनुसार मकान मालिकों को अपने किरायेदारों का पूर्ण विवरण मकान किराए पर देने के सात दिनों के भीतर स्थानीय थाने में जमा करना अनिवार्य होगा। यह कदम रिकॉर्ड को अद्यतन रखने और किसी भी अवैध गतिविधि को रोकने के व्यापक प्रयास का हिस्सा है। किरायेदार सत्यापन के अतिरिक्त थाना क्षेत्र के अंतर्गत संचालित सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी अपने कर्मचारियों का विस्तृत विवरण पुलिस को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

### 1 लाख 72 हजार करोड़ का बजट, संकल्प- छत्तीसगढ़ का कायाकल्प

# बीजेपी ने कहा -विशिष्ट छत्तीसगढ़ के संकल्प का है प्रदेश का यह बजट



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ के वित्त कंट्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में 1 लाख 72 हजार का छत्तीसगढ़ राज्य का बजट पेश किया बजट का थीम था ₹संकल्प₹। माना जा रहा है कि की यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास के संकल्प के साथ वित्त मंत्री ने पेश किया है।

कांग्रेस इसे कार्पोरेट बजट मन रही है तो बीजेपी का कहना है कि सर्व समाज के हितों को ध्यान रखकर यह बजट बनाया गया है। बीजेपी के नेताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत में अपना पूरा पूरा योगदान देने के लिए छत्तीसगढ़ ने विकसीत छत्तीसगढ़ का संकल्प बजट पेश किया गया है,जो छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य के पायदान पर ले जाएगा। आइए जानते है ,2026 के छत्तीसगढ़ के संकल्प बजट में मुख्यमंत्री के जिले को क्या क्या मिला है

◆जिले की बहु प्रतीक्षित मेडिकल कालेज को इस बजट में शामिल किया गया है।
◆कोविरा को पर्यटन स्थल के रूप में विशिष्ट करने को बजट में शामिल किया गया है।
◆जशपुर महाविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस रूप में विकसीत करने का प्रावधान बजट में शामिल किया गया है।
◆जशपुर में जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र खोला जाएगा जिसे बजट में शामिल किया गया है।
◆अकड़ीह से निमगांव जाने वाली सड़क एवं पेंड्रापाट से भडीया सड़क निर्माण को भी इस बजट में शामिल किया गया है।
◆सरगुजा जशपुर विकास प्राधिकरण के बजट में वृद्धि को भी बजट में शामिल किया गया है।
◆जशपुर में सीजीआईटी संस्थान का निर्माण।
◆पम्पशाला एनिकट लिफ्ट एरिगेशन निर्माण।
*जशपुर के पत्थलगांव में *औद्योगिक क्षेत्र का निर्माण।
◆कॉलेज भवन का निर्माण।
◆कुनकुरी के गोरिया में ग्लेजिंग यूनिट का निर्माण।
◆जशपुर के सन्ना में तिरंदाजी एकेडमी का निर्माण।

**सकारात्मक माहौल का निर्माण करने वाला बजट**

बीजेपी नेताओं का कहना है की यह बजट विशिष्ट आत्मनिर्भरपुर समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण को ठोस आधार शिला है। जनकल्याण, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वस्थ, महिला सशक्तिकरण, तकनीकी प्रगति के संतुलित्सवेश के साथ प्रदेश में सकारात्मक माहौल और विश्वास का वातावरण निर्माण को मजबूत करेगा।

**छत्तीसगढ़ सरकार का यह बजट कार्पोरेट जगत का बजट**

कांग्रेस के नेता सहस्त्रांशु पाठक कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार का यह बजट कार्पोरेट जगत का बजट है, जिसमे आमजनता का बिल्कुल भी ध्यान नही रखा गया है। सरकार बनाने के बढ़िया छत्तीसगढ़ का तीसरा बजट है जिसमे मुख्यमंत्री के जिले को फिर से मेडिकल कालेज का लॉलीपॉप पकड़ा दिया गया है। जबकि अभी तक मेडिकल कालेज का मियां कार्य बहुत हद तक हो जाना चाहिए। मुख्यमंत्री के जिले का टांसल में कायाकल्प हो जाना चाहिए था, जबकि मुख्यमंत्री अपने गृहग्राम से सटे एनएच का मियां कार्य अभी तक पूरा नहीं। करबा पाए है। क्योंकि मुख्यमंत्री कार्पोरेट की कठपुतली बने हुए है।

# मेडिकल कॉलेज की घोषणा से क्षेत्र के युवाओं का सपना साकार होगा: भगत



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने जन-आकांक्षाओं को पूरा करने वाला, विकासोन्मुख और संवेदनशील बजट बताया है। नेताओं ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि "संकल्प से सिद्धि" तक पहुंचाने वाला विज़न डॉक्यूमेंट है।

**गांव, गरीब और किसान को समर्पित**

जशपुर विधायक रायमुनि भगत ने कहा कि जशपुर जिले के कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज की घोषणा से क्षेत्र के युवाओं का सपना साकार होगा और पूरे सरगुजा संभाग को उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के लिए 1500 करोड़ का प्रावधान गरीब परिवारों के लिए जीवन रक्षक साबित होगा। साथ ही 3500 करोड़ जल संसाधन विभाग को देकर किसानों की सिंचाई व्यवस्था मजबूत करने का संकल्प दिखाया गया है। यह बजट गांव, गरीब और किसान को समर्पित

**युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुले**

पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि 9450 करोड़ रुपये पीडब्ल्यूडी कार्यों के लिए देकर सड़कों और अधोसंरचना को नई मजबूती दी गई है। 1750 करोड़ उद्योग और इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लिए आवंटित कर युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ को निवेश और औद्योगिक विकास का नया केंद्र बनाने की दिशा में निर्णायक कदम है।

**भविष्य को ध्यान रख कार्बनय गया बजट**

पूर्व राज्यसभा सांसद रणविजय सिंह जूदेव ने कहा कि अबूझमाड़ और जगरगुंडा में 100 करोड़ की लागत से एजुकेशन सिटी का प्रावधान नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा की क्रांति लाएगा। दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर में की स्थापना तथा 35 करोड़ से AI सेंटर की शुरुआत युवाओं को आधुनिक तकनीक से जोड़कर उन्हें राष्ट्रीय और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएगी। यह बजट भविष्य की पीढ़ी को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

**विकास की दिशा को बढ़ाने वाला बजट**

प्रदेश भाजपा मंत्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि सूर्य घर योजना के लिए 400 करोड़ का प्रावधान प्रदेश को सौर ऊर्जा की दिशा में आत्मनिर्भर बनाएगा और आम जनता के बिजली खर्च को कम करेगा। रायपुर मेट्रो रेल परियोजना के लिए सर्वे प्रक्रिया आगे बढ़ाना शहरी परिवहन को आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि यह बजट विकास की गति को कई गुना बढ़ाने वाला है।

**ग्रामीण विकास की आधारशिला**

जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि यह बजट ग्रामीण विकास की नई आधारशिला है। जल संसाधन, सड़क, आवास और खाद्यान्न जैसी योजनाओं में बड़े प्रावधान से गांवों में मूलभूत सुविधाएं मजबूत होंगी। महतारी सदनों के निर्माण से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त मंच मिलेगा और सामाजिक समरसता को बल मिलेगा।

**ठोस क्रियान्वयन के लिए बनाया गया बजट**

भाजपा जिलाध्यक्ष भरत सिंह ने कहा कि यह बजट समाज के हर वर्ग—महिला, किसान, युवा, मजदूर और गरीब को साथ लेकर चलने वाला है। खाद्यान्न योजना से लेकर महतारी सदन, मेडिकल कॉलेज से लेकर उद्योग और सड़क विकास तक हर क्षेत्र में मजबूत प्रावधान यह साबित करते हैं कि सरकार केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि ठोस क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह बजट विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण की ठोस आधारशिला है। जनकल्याण, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण और तकनीकी प्रगति के संतुलित समावेश के साथ यह बजट प्रदेश में सकारात्मक माहौल और विश्वास का वातावरण मजबूत करेगा।

# युवाओं को थमाया चुनावी झुनझुना: मिंज

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ की साय सरकार द्वारा पेश किए गए 1.72 लाख करोड़ के बजट पर जशपुर के कद्दावर कांग्रेस नेता और जिलाध्यक्ष यूडी मिंज ने तीखा हमला बोला है। मिंज ने इस बजट को 'शब्दों का मायाजाल' और 'आंकड़ों की बाजीगरी' करार देते हुए कहा कि यह प्रदेश की उन्नति का नहीं, बल्कि युवाओं और आदिवासियों की 'दुर्गति' का बजट है। उन्होंने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि सरकार ने जशपुर की अनदेखी कर यहाँ के पर्यटन और विकास के सपनों को गहरा आघात पहुंचाया है।

बजट के विश्लेषण पर तंज कसते हुए यूडी मिंज ने कहा कि





जशपुर और सरगुजा अंचल को पूरी तरह हाशिए पर धकेल दिया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मैनपाट के विकास के लिए खजाना खोला जा सकता है, तो जशपुर के प्राकृतिक वैभव को लावारिस क्यों छोड़ दिया गया? मिंज ने कहा, ₹जशपुर को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर लाने का जो हमारा सपना था, उसे इस बजट ने कुचल दिया है। रही बात कुनकुरी मेडिकल कॉलेज की, तो यह केवल एक 'चुनावी झुनझुना' है। पिछले तीन बजट से घोषणाएं तो हो रही हैं, लेकिन धरातल पर एक ईंट तक नहीं रखी गई।

# छत्तीसगढ़ का तीसरा बजट विकसित भारत की ओर अग्रसर: गोमती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा में पारित बजट को प्रदेश के संतुलित और समावेशी विकास की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी की दूरदर्शी सोच के साथ प्रस्तुत इस बजट वनांचल क्षेत्रों को विशेष प्राथमिकता दी गई है। जिससे वनांचल क्षेत्रो को विकास की नई रफ्तार मिलेगी।बस्तर ओलंपिक की तर्ज पर सरगुजा ओलंपिक की शुरुआत की गई है और आज के बजट में बस्तर व सरगुजा ओलंपिक के लिए 5-5 करोड़ रुपये का प्रावधान युवाओं की प्रतिभा को मंच देने की दिशा में सराहनीय पहल है। इससे ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के खिलाड़ियों को राज्य के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का मौका मिलेगा और युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ेगा।



विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने बजट पारित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि,अधोसंरचना क्षेत्रो के साथ साथ युवाओं, महिलाओं व किसानों के साथ साथ जनजातीय विकास पर विशेष फोकस किया गया है कुल मिलाकर देखा जाए तो इस बजट में सभी क्षेत्रों के साथ सभी वर्ग का ध्यान रखा गया है।उन्होंने कहा कि यह बजट विकासशील छत्तीसगढ़ से विकसित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए कारगार साबित होगा यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तैयार किया गया है,जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुरूप है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बजट से न केवल सरगुजा बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी।इस तीसरे बजट ने साफ कर दिया कि हम विकसित भारत की ओर अग्रसर हो रहे हैं। विधायक व सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष गोमती साय ने कहा कि आज के बजट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की घोषणा को साकार करते सरगुजा विकास प्राधिकरण की राशि 50 करोड़ से बढ़ाकर 75 करोड़ रुपये किया जाना क्षेत्र के लिए अत्यंत सुखद और ऐतिहासिक निर्णय है। इससे आधारभूत संरचना, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के नए अवसरों को गति मिलेगी। सरगुजा प्राधिकरण की उपाध्यक्ष होने के नाते इस हेतु मैं मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करती हूं।

# चंद्रपुर में शांतिपूर्ण ढंग से हो रही है 10-12वीं बोर्ड परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर



वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाएं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशन में प्रदेशभर में संचालित की जा रही हैं।

इसी क्रम में चंद्रपुर नगर के दो निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर 12वीं कक्षा की परीक्षाएं शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुईं। दोनों ही केंद्रों पर प्रशासनिक सतर्कता, सुरक्षा व्यवस्था तथा परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की गई थीं।
चंद्रपुर स्थित ठाकुर शशिभूषण सिंह देव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को बनाए गए परीक्षा केंद्र में केंद्राध्यक्ष हरिशंकर बेहरा के नेतृत्व में परीक्षा का सफल संचालन किया गया। आज 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए रसायन, लेखाशास्त्र एवं फसल उत्पादन विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस केंद्र में कुल 153 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 152 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। परीक्षा निर्धारित समय पर प्रारंभ हुई तथा प्रश्नपत्रों का वितरण नियमानुसार किया गया। केंद्र में बैठने की व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश, स्वच्छता एवं सुरक्षा जैसे सभी प्रबंध संतोषजनक पाए गए। वहींए दूसरे परीक्षा केंद्र के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

### ओमप्रकाश बने भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य



**चंद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी बुनकर प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जारी सूची में नगर पंचायत चंद्रपुर के अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन से नगर सहित क्षेत्र के बुनकर समाज में हर्ष का वातावरण है। ओमप्रकाश देवांगन नगर में बुनकर महाजन के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। वे लंबे समय से हैंडलूम एवं कोसा कपड़ा के निर्माण और विक्रय कार्य से जुड़े हुए हैं तथा बुनकर समाज के हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। स्थानीय स्तर पर सामाजिक सांस्कृतिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी सराहनीय मानी जाती है।

# बरौना कुंडा में विकासखंड स्तरीय स्काउट गाइड द्वितीय सोपान शिविर का समापन

**छाल।** स्थानीय माध्यमिक शाला बरौना कुंडा में आयोजित पांच दिवसीय विकासखंड स्तरीय स्काउट गाइड द्वितीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का शनिवार को विधिवत समापन हुआ। जिला कमिश्नर के निर्देशानुसार एवं जिला सहायक आयुक्त के मार्गदर्शन में यह शिविर 17 से 21 फरवरी तक वार्षिक कार्यक्रमानुसार आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नवनियुक्त सहायक जिला आयुक्त व बीईओ शशीधर निषाद के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर बीआरसी मनोज प्रधान, पूर्व बीईओ संतोष सिंह, सीएससी राजकुमार गुप्ता, प्रधान पाठिका श्रीमती संतोषी सिदार माशा बरौना कुंडा, सोहन सिदार प्राशा तेंदूभाटा, शाला समिति अध्यक्ष पवन



सिंह राठिया सहित उप सरपंच व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पांच दिनों तक चले इस शिविर में प्रशिक्षकों ने छात्र छात्राओं को स्काउट गाइड आंदोलन के गौरवशाली इतिहास के साथ साथ जीवन रक्षक कौशलों का प्रशिक्षण दिया। तकनीकी कौशल विभिन्न प्रकार की गांठे] लेसिंग और पायनियर प्रोजेक्ट। स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्राथमिक उपचार तेज तथा विभिन्न प्रकार की पट्टियों का उपयोग। सामाजिक जागरूकता राज्य के निर्देशानुसार मशाल रैली और मानव श्रृंखला के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए गए। जिला संगठन से आए जिला आयुक्त रामाधार चौधरी एवं संतोष गुप्ता ने बच्चों को पट्टियों के विशेष प्रकार और उनके व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी। शिविर के दौरान बच्चों का उत्साहवर्धन करने हेतु प्राचार्य बलराम भगत कुडुमकेला एवं पूर्व प्रभारी प्राचार्य सोरेन सर ने निरीक्षण कर मार्गदर्शन प्रदान किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जनजाति समाज भारत ...

जनजातियों के मतांतत्रण का षड्यंत्र रच रहें मिशनरी माफिया के विरुद्ध स्वामी लक्ष्मान्दनंद जी नें संघर्ष किया था जिससे उनकी कायरतापूर्ण हत्या कर दी गयी थी। आज का यह घर वापसी उन महान संतो को हम समर्पित करके श्रद्धांजलि देते हैं ₹ जिन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए देश एवं धर्म के लिए₹ प्रबल जूदेव नें यह भी कहा कि ₹जनजाति समाज भारत के आधार स्तम्भ हैं इसीलिए राष्ट्र विरोधी ताकतें इनको टारगेट करते हैं। ओड़िशा के जनजाति अपने गौरवपूर्ण पूर्वजों के इतिहास एवं योगदान को नहीं भूले। ओड़िशा के कई अमर स्वतंत्रता सेनानी जैसे वीर सुरेंद्र साई, डोरा बिसोयी, चक्र बिसोयी, रिंडो माझी, धरणीधर नायक जैसे जनजाति योद्धाओं नें अंतिम सांस तक अंग्रेजो से लड़ा और मां भारती की रक्षा की. आज अंग्रेज खदेड़ दिए गए परन्तु मतांतत्रण का बीज बो दिया जो हमारे धर्म, संस्कृति एवं राष्ट्र के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं इसीलिए हमें मिलकर संघठित होकर राष्ट्र विरोधी आसुरी शक्तियों से लड़ना होगा.जनजाति हिंदू समाज की एकता ही राष्ट्र की शक्ति है।₹

### दुकानदार को धमकी...

जांच में हुई पहचान- पुलिस जांच में वीडियो में दिखाई दे रहे दोनों व्यक्तियों की पहचान रवि गुप्ता उम्र 27 वर्षऔर उसके पिता युधिष्ठिर गुप्ता उम्र 55 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों उड़ीसा राज्य के सरहदी ग्राम ललकिडीह के निवासी बताए जा रहे हैं। आरोप है कि उन्होंने सिंगीबहार निवासी रमेश कुमार साहू उम्र 51वर्ष की दुकान में घुसकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई- डीआईजी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ.लाल उमेद सिंह के निर्देश पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच शुरू की गई। प्रार्थी रमेश कुमार साहू की रिपोर्ट पर चौकी ऊपर कछार में आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 351(2) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आगे की कार्रवाई जारी- पुलिस ने स्पष्ट किया है कि मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता एक बार फिर सामने आई है। सोशल मीडिया पर वायरल सामग्री को भी गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करना पुलिस की प्राथमिकता बन गया है।

### तीन दिवसीय कृषि ...

संरक्षण प्रतियोगिता में पारंपारिक फसल किस्मों के संवर्धन, संरक्षण एवं आदान-प्रदान को बढावा देने हेतु पारंपरिक बीज संरक्षण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सर्वाधिक पारंपरिक किस्में संरक्षित करने वाले किसानों को सम्मानित किया जावेगा। इसी तरह श्रेष्ठ बीज उत्पादक कृषक में सर्वाधिक प्रमाणित , उन्नत बीज उत्पादन करने वाले किसान का चुनाव बीज निगम एवं अन्य संस्था में बीज विक्रय के प्रमाणित दस्तावेज के आधार पर किया जाएगा। नाला पुनर्जीवन एवं सिंचाई नवाचार प्रतियोगिता में ग्राम स्तर पर सामुदायिक सहभागिता, व्यक्तिगत रूप से नाला पुनर्जीवन करने पर सिंचित क्षेत्र के विस्तार के आधार पर विजेता का चुनाव किया जाएगा। श्रेष्ठ डेयरी किसान में जिले में दुग्ध उत्पादन बढाने, नस्ल सुधार, वैज्ञानिक पशुपालन एवं डेयरी आधारित आयवृद्धि को प्रोत्साहित करने हेतु श्रेष्ठ डेयरी किसान का आयोजन हो रहा है। जिसमें विजेता का चुनाव दुग्ध उत्पादन प्रति किसान एवं उन्नत डेयरी प्रबंधन के आधार पर किया जाएगा। श्रेष्ठ बकरी एवं मुर्गी पालक किसान में उन्नत नस्ल के बकरीपालन, पशुशेड स्वच्छता वार्षिक आय एवं टीकाकरण प्रबंधन एवं स्वास्थ्य प्रबंधक के आधार पर श्रेष्ठ बकरी एवं मुर्गी पालक किसान का चयन किया जाएगा। किसानों को करेंगे प्रोत्साहित- श्रेष्ठ मछली पालक किसान में जिले में मछली पालन को आय का सशक्त स्त्रोत बनाने एवं उन्नत तकनीक अपनाने वाले किसानों को प्रोत्साहित करने हेतु तालाब प्रबंधन एवं उत्पादन क्षमता के आधार पर श्रेष्ठ मछली पालक किसान का चयन किया जाएगा। श्रेष्ठ पुष्प, बागवानी एवं साग-सब्जी उत्पादक किसान में बागवानी, साग-सब्जी प्रतियोगिता से किसानों को आधुनिक तकनीक एवं बाजार संपर्क के लिए प्रेरित किया जा सकता है। विजेता किसान का चुनाव उच्च मूल्य वाले बागवानी फसलों, सालभर साग-सब्जी उत्पादन माडल के आधार पर किया जाएगा। श्रेष्ठ मधुमक्खी पालक किसान प्रतियोगिता में वैज्ञानिक पद्धति से मधुमक्खी पालन करने एवं शहद से आय वृद्धि के उद्देश्य से श्रेष्ठ मधुमक्खी पालक किसान का प्रतियोगिता किया जा रहा है। जिनका चुनाव सर्वाधिक शहद उत्पादन के आधार पर किया जाएगा।





